आकाशवाणी मध्यप्रदेष
प्रादेशिक समाचार

दिनांक : 14.07.2025 समय : 02.10pm

दुबई–स्पेन यात्रा – मुख्यमंत्री

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने आज दुबई में आयोजित ब्रीफिंग में सहभागिता की। इस दौरान मुख्यमंत्री ने मध्यप्रदेश और यूएई के प्रमुख व्यापार समूहों के साथ सहयोग को गहराने, इलेक्ट्रिक वाहन, टेक्सटाइल, लॉजिस्टिक्स, कृषि और पर्यटन क्षेत्रों में सेक्टर–विशिष्ट राउंडटेबल्स आयोजित करने, और एमपी मूल के सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम को नीति–आधारित सहायता प्रदान करने पर चर्चा की। मुख्यमंत्री ने बताया कि दुबई प्रवास के दौरान एक महत्वपूर्ण द्विपक्षीय बैठक में भारत–यूएई के बीच विमानन सहयोग को सुदृढ़ करने पर विस्तृत चर्चा हुई।

गौरतलब है कि मुख्यमंत्री, निवेशकों को आकर्षित करने के लिए 19 जुलाई तक दुबई और स्पेन की यात्रा पर हैं।

समिति बैठक

देश की विधानसभाओं में गठित होने वाली समितियों की प्रणाली की समीक्षा के लिए गठित समिति की पहली बैठक आज मध्य प्रदेश विधानसभा सचिवालय भवन में आयोजित की जा रही है। इस महत्वपूर्ण बैठक की अध्यक्षता मध्य प्रदेश विधानसभा के अध्यक्ष नरेंद्र सिंह तोमर कर रहे हैं। इस बैठक में उत्तर प्रदेश, राजस्थान, हिमाचल प्रदेश, सिक्किम, ओडिशा एवं पश्चिम बंगाल के विधानसभा अध्यक्ष भाग ले रहे है। बैठक में विधान मंडलों में समिति प्रणाली की समीक्षा किये जाने के साथ ही उन्हें सुदृढ़ बनाने पर विचार मंथन होगा। मप्र विधानसभा के प्रमुख सचिव ए पी सिंह ने कहा कि बैठक को आधार बनाकर नई व्यवस्था देशभर के राज्यों में लागू करने के लिए बैठक के मिनट्स लोकसभा में प्रस्तुत किए जाएंगे।

इंदौर में राष्ट्रीय कौशल प्रशिक्षण संस्थान में आज प्लेसमेंट ड्राइव और कल 15 जुलाई को विश्व युवा कौशल दिवस का आयोजन किया जा रहा है। कार्यक्रम "एआई और डिजिटल स्किल्स के माध्यम से युवा सशक्तिकरण" की थीम पर आयोजित किया जायेगा, जिसके अंतर्गत युवाओं को आधुनिक तकनीकों, कौशल विकास, रोजगार एवं आत्मनिर्भरता एवं तकनीकी सशक्तिकरण के प्रति प्रेरित करना है। आज प्लेसमेंट ड्राइव में विभिन्न कंपनियाँ भाग लेंगी और प्रशिक्षित युवाओं को रोजगार के अवसर प्रदान किए जाएंगे।

आयुष्मान आरोग्य शिविर

लोगों को उनके निवास के निकट स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराने के उदेश्य से आयुष्मान भारत योजना के अंतर्गत आयुष्मान आरोग्य मंदिरों को विकसित किया गया है। इन आयुष्मान आरोग्य मंदिरों में आज आयुष्मान आरोग्य शिविरों का आयोजन किया जा रहा है। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी कार्यालय द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार शिविरों के माध्यम से समुदाय के अंतिम व्यक्ति तक स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराये जाने का लक्ष्य है। शिविरों में विभिन्न रोगों की जांच, उपचार एवं आश्यकता पड़ने पर अन्य संस्थाओं में रेफरल की सुविधाएं उपलब्ध होगी।

आज सावन का पहला सोमवार है। इस अवसर पर प्रदेशभर के शिव मंदिरों में श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ रही हैं। उज्जैन में आज भगवान महाकाल की पहली शाही सवारी निकाली जाएगी। उधर खण्डवा जिले की तीर्थ नगरी ओम्कारेश्वर में श्रावण माह के पहले सोमवार को आज भगवान ममलेश्वर की सवारी निकाली जाएगी। विदिशा, सतना, जबलपुर,आगरमालवा, सहित सभी जिलों में सुबह से ही शिवालयों में भक्त विशेष पूजन के लिए पहुंच रहे हैं।

मौसम

प्रदेश में बारिश का सिलसिला जारी है। कई जिलों में भारी बारिश के कारण जनजीवन अस्तव्यस्त है। लगातार हो रही बारिश की वजह से नदियों और तालाबों का जलस्तर बढ़ गया है। मौसम विभाग ने आज प्रदेश के 35 जिलों में भारी बारिश का अलर्ट जारी किया है।

समाचार संक्षेप में .....

- राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु 17 जुलाई को नई दिल्ली मे स्वच्छ सर्वेक्षण पुरस्कार प्रदान करेंगी।
- नर्मदापुरम जिले में 22 जुलाई से 16 सितंबर तक स्टॉप डायरिया सह दस्तक अभियान चलाया जाना है। सफल अभियान के लिए मैदानी अमले को प्रशिक्षण दिया जा रहा है।
- खरगोन जिले के बड़वाह के समीप स्थित नर्मदा नदी के पुल के पास आज सुबह एक सड़क दुर्घटना में दो लोगों की मौत हो गई ।

————————————